भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

उत्तर प्रदेश UTTAR PRA

BE 895122





राजकीय कोषागार एटा 13 DEC 2019 दिलीप कुमार अग्रवाल चीफ कैशियर

## ट्रस्ट डीड

## ऑफ़

## एन्जिल फ़ाउंडेशन

आज दिनांक .................... को मैं संस्थापक ट्रस्टी आदित्य कुमार पुत्र श्री ध्रुव कुमार एक ट्रस्ट बनाने की घोषणा करता हूँ। जिसका नाम एन्जिल फाउंडेशन होगा। इस ट्रस्ट के लिए ₹11000 देता हूँ यह राशि टेस्ट के उद्देश्यों पर व्यय की जाएगी। भविष्य में दान आदि से ट्रस्ट के कार्यों को पूरा किया जाएगा। ट्रस्ट डीड में जो नियम एवं उपनियम निर्धारित किए गए हैं उनके अनुसार ट्रस्ट संचालित होगा।

1. ट्रस्ट का नाम : एन्जिल फ़ाउंडेशन
2. ट्रस्ट का पता : बडा बाजार, मारहरा, एटा, उत्तर प्रदेश- 207401
3. ट्रस्ट का कार्य क्षेत्र : सम्पूर्ण भारत वर्ष
4. ट्रस्ट के उद्देश्य :

   (i) भारत के अनेक राज्यों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए पूर्व प्राथमिक विद्यालय से लेकर महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, डीम्ड विश्वविद्यालय, आयुर्वेद कॉलेज, मेडिकल,

Manager
Angel The Future School
Mirehchi Road, Marehra
Etah-207401

Principal
Angel The Future School
Marehra (Etah)-207401

शिक्षा, तकनीकी एवं प्रबंधन शिक्षा, अध्यापक प्रशिक्षण, आयुर्वेद फार्मेसी, आयुर्वेद-एलोपैथिक डिप्लोमा कोर्स, कृषि एवं भूमि संबंधी प्रशिक्षण, पशु चिकित्सा शिक्षा, कृषि विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र, डेयरी, उद्योग की स्थापना करना और उनका प्रबंध करना। हिंदी व संस्कृत भाषा के उत्थान के लिए कार्य करना।

(ii) भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों में आध्यात्मिक साधना केंद्र योग, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, पुस्तकालय एवं वाचनालय, वृद्धाश्रम, ऋषि-कुल एवं गुरुकुल, मानव कल्याण केंद्र, महिला विकास केंद्र, बाल कल्याण आश्रम, मंदिर, धर्मशाला, वानप्रस्थ आश्रम, गौशाला, शांति धाम, एवं जड़ी बूटियों का उत्पादन आदि की संस्थापना कर उनका प्रबंध करना। जलस्रोत एवं नदियों की पवित्रता के लिए कार्य करना।

(iii) पर्यावरण एवं प्रदूषण संबंधी समस्याओं के लिए जन चेतना उत्पन्न करना। एड्स तथा कैंसर जैसी भयंकर बीमारी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य एवं जन चेतना केंद्र हॉस्पिटलों की स्थापना करना। भारत के प्राचीन वाद्य एवं संगीत विधाओं की रक्षा के लिए अकादमियों की स्थापना करना और वैदिक मंत्र और सांस्कृतिक संगीत की विधा का प्रचार प्रसार करना। खेल-कूद अकादमी एवं विकलांग संस्थान स्थापित करना। उनका प्रबंध करना।

(iv) भारतीय संस्कृति के प्रचार के लिए गोष्ठियों, सम्मेलन का आयोजन करना, विदेशों में भी अपने प्रचारकों को प्रतिनिधि के रूप में भेजकर मीडिया चैनलों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करना, पत्र - पत्रिकाओं एवं पुस्तकों का प्रकाशन करना। निशुल्क साहित्य का वितरण करना, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना। भारत एवं विश्व में वेद, उपनिषद, महाभारत, रामायण, गीता के संदेशों को जन-जन तक पहुँचाना। समाज में दहेज, नशों के सेवन के विरुद्ध जन जागरण करना। संस्कार केंद्रों के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए कार्य करना।

(v) समाज में शांति, सदभावना, राष्ट्रीय एकता तथा वसुधैव कुटुंबकम-विश्व एक परिवार है। इस सिद्धांत का प्रचार करना, विश्व मंच पर इसके लिए कार्य करना। विश्व की समस्याओं एवं विश्व के कल्याण से संबंधित विषयों पर राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करना। विश्व में प्रेम एवं भाईचारा बढ़ाने के लिए उनकी संस्कृति तथा हमारी संस्कृति दोनों की संस्कृतियों से परिचित कराने के लिए अपने प्रतिनिधि भेजकर और विदेशों के प्रतिनिधि भारत में बुलाकर भारतीय सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराना और उनके रहने की सुविधाओं की व्यवस्था करना।

(vi) समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षाविद, साहित्यकार, चिकित्सक, अभिनेता, कवि, समाजसेवी एवं मानवीय मूल्यों के लिए समर्पित व्यक्तियों को सम्मानित करना और उनकी आर्थिक सहायता करना। समाज सेवा में कार्यरत संस्थाओं एवं ट्रस्टों की

Manager
Angel The Future School
Mirehchi Road, Marehra
Etah-207401

Principal
Angel The Future School
Marehra (Etah)-207401

आर्थिक सहायता करना और उनसे अन्य प्रकार की सहायता प्राप्त करना। समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए यथासंभव सहायता करना।

(vii) समाज की विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य करना। निर्धन अनुसूचित जाति / जनजाति, आदिवासी, बनवासी एवं आतंक से पीड़ित वर्ग के बाल महिला पुरुषों के लिए शिक्षा, वस्त्र, आवास, रोजगार आदि की निशुल्क व्यवस्था करना और उनकी यथासंभव आर्थिक सहायता करना। गरीब वर्ग के कल्याण के लिए हॉस्पिटल बनाना, कोचिंग सेण्टर, प्रतिभा अकादमी जिसमें समाज के निर्धन एवं प्रतिभाशाली बच्चों को विशेष शिक्षा दी जा सके।

(viii) भारत के संविधान के अनुसार मानव अधिकारों की रक्षा करना एवं समाज में हो रहे अत्याचार, भ्रष्टाचार व अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता उत्पन्न करना तथा कार्यपालिका व न्यायपालिका की मदद से संविधान, कानून व नियमों एवं मानव मात्र के अधिकारों की रक्षा करना। न्यायालय में जनहित याचिका के माध्यम से संविधान कानून व नियमों एवं राष्ट्र हितों की रक्षा करना।

(ix) ट्रस्ट के उद्देश्यों को मूर्त रूप देने के लिए कथा, सत्संग समारोह, यज्ञ आदि कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे इन कार्यक्रमों में जनता से दान एवं गुप्त दान की अपील की जाएगी और एकत्रित धन राशि से संकल्पों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। ट्रस्ट अपने उद्देश्यों के लिए दान, विदेशी सहायता, सरकारी व अर्द्ध-सरकारी सहायता, अनुदान एवं गिफ्ट, चल-अचल संपत्ति प्राप्त करेगा।

जिन ट्रस्टियों को प्रबंध समिति में पदाधिकारी एवं सदस्यों के रूप में कार्य सौंपा गया है उनके नाम इस प्रकार हैं –

| क्र. स. | नाम | पता | व्यवसाय | पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री आदित्य कुमार | 35, बडा बाजार, मारहरा, एटा, उत्तर प्रदेश- 207401 | दुकानदार | चेयरमैन |
| 2. | श्रीमती अंजली | बडा बाजार, मारहरा, एटा, उत्तर प्रदेश- 207401 | अध्यापन | सचिव |
| 3. | श्री ध्रुव कुमार | 27, बडा बाजार, मारहरा, एटा, उत्तर प्रदेश- 207401 | दुकानदार | कोषाध्यक्ष |
| 4. | श्री विष्णु दयाल गुप्ता | 212 सी, सेक्टर- एफ, गोविंद नगर, मथुरा, उत्तर प्रदेश- 281003 | सेवानिवृत्त कर्मचारी | सदस्य |

Manager
Angel The Future School
Mirehchi Road, Marehra
Etah-207401

Principal
Angel The Future School
Marehra (Etah)-207401

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5. | श्रीमती धारणा गुप्ता | बी - 53, गणेश नगर - 2 एक्सटेंशन शकरपुर, दिल्ली - 92 | अध्यापन | सदस्य |
| 6. | श्री देवेश गुप्ता | 602, ऑर्चिड टावर ओमेक्स ग्रीन वैली सोसाइटी, ग्रीन फील्ड कॉलोनी, सेक्टर 41/42, फरीदाबाद - 121010 | नौकरी | सदस्य |
| 7. | श्री अश्वनी कुमार | बडा बाजार, मारहरा, एटा, उत्तर प्रदेश- 207401 | दुकानदार | सदस्य |

5. ट्रस्ट सदस्यता एवं चुनाव संबंधी नियम

ट्रस्ट में सभी आजीवन ट्रस्टियों को मिलाकर एक "साधारण सभा" कहलाएगी। साधारण सभा की बैठक प्रत्येक 5 वर्ष के पश्चात हुआ करेगी, जिसमें प्रबंध समिति का गठन चेयरमैन करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर 5 वर्ष के मध्य में भी साधारण सभा की बैठक कभी भी बुला सकते हैं। चेयरमैन प्रबंध समिति के आजीवन चेयरमैन रहेंगे। प्रबंध समिति तीन सदस्यों की होगी। चेयरमैन एक, एक सचिव और एक कोषाध्यक्ष होंगे। चेयरमैन अपने जीवन के अंतिम समय में अपना उत्तराधिकारी ट्रस्टियों में से घोषित करेंगे। यदि उत्तराधिकारी घोषित नहीं करते हैं तो ट्रस्ट की साधारण सभा की बैठक होगी जिसमें ट्रस्टियों के बहुमत से चेयरमैन चुना जाएगा। ट्रस्टियों की संख्या अधिक से अधिक 11 तक हो सकती है। कोई भी व्यक्ति जो भारत का नागरिक है 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है वह व्यक्ति इस ट्रस्ट का आजीवन ट्रस्टी बनने के लिए लिखित रूप से ट्रस्ट के प्रपत्र पर दो ट्रस्टियों से संस्तुति कराकर तदन्तर प्रबंध समिति की बैठक में उसकी सदस्यता का प्रस्ताव रखा जाएगा। प्रबंध समिति द्वारा सदस्यता को स्वीकार या अस्वीकार का निर्णय लिया जाएगा। सदस्ता स्वीकार करने पर ट्रस्ट को ₹21000 (इक्कीस हजार रुपये की धनराशि) देकर आजीवन ट्रस्टी बन सकेगा।

6. प्रबंध समिति के अधिकार एवं कर्तव्य :

(i) प्रबंध समिति द्वारा संचालित संस्थानों एवं अन्य कार्यकलापों में शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारी, प्रचारक, सोशल वर्कर, डायरेक्टर-एडवाईजर एवं क्लर्क तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों आदि की नियुक्ति एवं वियुक्ति करेगी।

(ii) ट्रस्ट संचालित संस्थाओं का वार्षिक आय-व्यय स्वीकृत करना।

(iii) भारतवर्ष में ट्रस्ट द्वारा संचालित कार्यकलापों के संचालन के लिए ट्रस्ट की प्रबंध समिति पृथक-पृथक संस्थानों या अन्य कार्यों की देखभाल के लिए 'प्रबंध समिति'

Manager
Angel The Future School
Mirehchi Road, Marehra
Etah-207401

Principal
Angel The Future School
Marehra (Etah)-207401

गठित करेगी। इन प्रबंध समितियों के लिए नियम-उपनियम और आचार संहिता बनाएगी। जिसके आधार पर कार्य करने में सक्षम होगी। इन प्रबंध समितियों में परिवर्तन या संशोधन का पूर्ण अधिकार ट्रस्ट की "प्रबंध समिति" को होगा। प्रबंध समिति के गठन की सूचना चेयरमैन के हस्ताक्षर से ही निर्गत होगी।

(iv) ट्रस्ट की प्रबंध समिति का कार्यकाल 5 वर्ष का होगा। ट्रस्ट की प्रबंध समिति में सभी प्रस्ताव बहुमत के आधार पर स्वीकार किए जायेंगे।

(v) प्रबंध समिति ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए चल एवं अचल संपत्तियों का क्रय तथा विक्रय कर सकती है। इन संपत्तियों पर चेयरमैन के हस्ताक्षर होंगे।

(vi) प्रबंध समिति की बैठक में कोई पदाधिकारी या सदस्य अनुशासनहीनता करता है तो विशेष परिस्थिति में प्रबंध समिति बहुमत से निर्णय लेकर उस सदस्य की " ट्रस्ट " से सदस्यता समाप्त कर सकती है।

7. प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के अधिकार एवं कर्तव्य:

1. चेयरमैन:

(i) चेयरमैन प्रबंध समिति तथा साधारण सभा की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे।

(ii) प्रबंध समिति द्वारा पारित प्रस्तावों का क्रियान्वयन कराना।

(iii) समिति की बैठकों में जब कभी किसी विषय पर असमान मत हो जाए तो उस स्थिति में चेयरमैन का एक मत अतिरिक्त होगा जो निर्णायक होगा।

(iv) ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी कार्यकलापों पर नियंत्रण रखना।

(v) चेयरमैन को ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किसी भी व्यक्ति या संस्था से नगद दान-गिफ्ट, संपत्तियों को प्राप्त करने का अधिकार होगा।

(vi) चेयरमैन को ट्रस्ट के कार्य अथवा ट्रस्ट से संबंधित किसी भी व्यवस्था कार्य के लिए चेयरमैन को पाँच लाख रुपये व्यय करनें का अधिकार होगा। साथ में यह भी अधिकार होगा कि वह पाँच लाख रुपये की धनराशि आकस्मिक कार्यों के लिए अपने पास रख सकेंगे।

(vii) चेयरमैन को विशेष अधिकार होगा कि ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कभी भी किसी कर्मचारी को अस्थाई रूप से नियुक्त कर सकते हैं।

2. सचिव :

(i) ट्रस्ट की बैठक बुलाने के लिए पत्र व्यवहार करना। चेयरमैन की आज्ञा से बैठक बुलाना।

(ii) प्रबंध समिति की बैठकों की कार्यवाही लिखना।

(iii) ट्रस्ट संबंधी सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखना।

(iv) ट्रस्ट संबंधी कार्यों के लिए दस हजार रुपये तक व्यय करने का अधिकार होगा।

(v) प्रतिवर्ष वार्षिक बजट प्रस्तुत करना होगा। ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों की समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना। ट्रस्ट की प्रबंध समिति द्वारा प्रदत्त उत्तरदायित्व का निर्वहन करना।

3. कोषाध्यक्ष:

(i) ट्रस्ट का आय-व्यय सम्बन्धी रिकार्ड रखना।

(ii) ट्रस्ट का लेखा-जोखा ऑडिट करवाना।

(iii) ट्रस्ट संबंधी खर्चों के लिए अपने पास बीस हजार रुपये तक रख सकते हैं इससे अधिक धनराशि बैंक में जमा की जाया करेगी।

8. ट्रस्ट के आय स्रोत:

दान, सदस्यता शुल्क, ऋण (व्यक्तिगत या बैंक ) द्वारा लेना, अनुदान लेना।

9. सदस्यता समाप्ति:

स्वयं त्यागपत्र देना, पागल हो जाने पर, निधन हो जाने पर, प्रबंध समिति द्वारा सदस्यता समाप्त किए जाने पर।

10. बैठक एवं कोरम सम्बन्धी नियम:

(i) प्रबंध समिति की बैठक चार मास में हुआ करेगी।

(ii) प्रबंध समिति की बैठक बुलाने के लिए पदाधिकारी एवं सदस्यों के पास एक सप्ताह पूर्व सूचना दी जाएगी। विशेष स्थिति में चेयरमैन अल्प समय में कभी भी बैठक बुला सकते हैं।

Manager
Angel The Future School
Mirehchi Road, Marehra
Etah-207401

Principal
Angel The Future School
Marehra (Etah)-207401

(iii) सभी ट्रस्टियों की बैठक जिसको "साधारण सभा" कहा जायेगा। उस बैठक को बुलाने के लिए एक माह पूर्व सूचना दी जाएगी।

(iv) प्रबंध समिति की बैठक अथवा साधारण सभा की कुल सदस्यों का 2/3 भाग के आधार पर कोरम पूरा माना जाएगा।

11. बैंक व्यवस्था:

ट्रस्ट का राष्ट्रीयकृत बैंक, प्राइवेट अथवा लिमिटेड बैंक अथवा सहकारी बैंक में खाता खोला जाएगा। खाते का संचालन चेयरमैन और सचिव दोनों के संयुक्त हस्ताक्षरों किया जाएगा। खाते में से धनराशि निकालने के लिए चेयरमैन और सचिव दोनों के हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से होंगे। इस प्रकार दो के संयुक्त हस्ताक्षरों से धनराशि निकाली जाया करेगी।

12. वित्तीय व्यवस्था:

ट्रस्ट का वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक माना जाएगा। प्रतिवर्ष सी. ए. द्वारा ट्रस्ट अथवा तथा ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थानों का ऑडिट कराया जाएगा।

13. अभियोग संबंधी नियम:

जब कोई व्यक्ति ट्रस्ट पर न्यायालय में जाकर अभियोग लगाता है अथवा कोई विभाग या व्यक्ति ट्रस्ट के संबंधित मामलों पर कार्यवाही करता है तो उस स्थिति में ट्रस्ट के चेयरमैन या सचिव अथवा प्रबंध समिति द्वारा अधिकृत व्यक्ति न्यायालय में ट्रस्ट की ओर से कार्यवाही करेगा। न्यायालय द्वारा लिया गया कोई भी अनुकूल या प्रतिकूल निर्णय ट्रस्ट पर ही प्रभावी होगा, किसी व्यक्ति विशेष पर नहीं।

14. विघटन संबंधी नियम:

ट्रस्ट को जब कभी भंग होने की स्थिति आ जाएगी तो उस स्थिति में ट्रस्ट के चेयरमैन साधारण सभा की बैठक बुलाकर उसमें बहुमत के आधार पर निर्णय लेंगे। चेयरमैन का निर्णय अंतिम माना जाएगा। यदि भंग करने का निर्णय लिया जाता है तो ट्रस्ट की समस्त चल-अचल संपत्ति किसी ऐसे ट्रस्ट को दे दी जाएगी जिसका उद्देश्य लोकोपकारक होगा।

Manager
Angel The Future School
Mirehchi Road, Marehra
Etah-207401

Principal
Angel The Future School
Marehra (Etah)-207401

प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त ट्रस्ट भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1882 की धाराओं के अनुसार कार्य करेगा।

Mo-9758020483

Ade

ट्रस्ट के संस्थापक के हस्ताक्षर

(श्री आदित्य कुमार)

पता : 35, बडा बाजार, मारहरा, एटा,
उत्तर प्रदेश- 207401

साक्षी:-

1. हस्ताक्षर : जलज कुमार
   नाम : जलज कुमार [illegible] सत्यप्रकाश
   पता : बी० 53 थर्ड फ्लोर गणेश नगर एक्सटेंशन शकरपुर पूर्वी दिल्ली
   Mo- 9718259121

2. हस्ताक्षर : Pushpita
   नाम : सुनील कुमार [illegible] धर्मेन्द्र कुमार
   पता : नदरई गेट [illegible] कासगंज
   Mo 6396588915

Manager
Angel The Future School
Mirehchi Road, Marehra
Etah-207401


Principal
Angel The Future School
Marehra (Etah)-207401

आवेदन सं०: 201901008026199

न्यास पत्र

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 88 वर्ष: 2019

प्रतिफल- 11000 स्टाम्प शुल्क- 1000 बाजारी मूल्य - 0 पंजीकरण शुल्क - 220 प्रतिलिपिकरण शुल्क - 60 योग : 280

श्री आदित्य कुमार ,
पुत्र श्री ध्रुव कुमार
व्यवसाय : कृषि
निवासी: 35 बडा बाजार मारहरा एटा तह० व जिला एटा

ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनाँक 17/12/2019 एवं 04:06:01 PM बजे निबंधन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

मु० आला नकवी प्रभारी उपनिबंधक
उप निबंधक :सदर
एटा
17/12/2019

एटा सदर लिपिक
निबंधक लिपिक

Manager
Angel The Future School
Mirehchi Road, Marehra
Etah-207401

Principal
Angel The Future School
Marehra (Etah)-207401